ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

	3 DAYS	15 DAYS	1 MONTH
वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	100/-	500/-	1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
कोर्ट नोटिस आकार 12×4 Sq. C.M. रूपये 1200/-, 18×4 Sq. C.M. 1800/-			
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

गुर्जर युवाओं के साथ अपराधियों सा बर्ताव पड़ेगा भारी : प्रियंका

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 मार्च. जिला पंचायत ग्वालियर की उपाध्यक्ष प्रियंका घुरैया ने मुख्यमंत्री को लिखे शिकायती पत्र में कहा है कि चुनावी दौर में पुलिस द्वारा नकारात्मक नजरिया बनाकर गुर्जर

पति पर पुलिस की बेज़ा कार्रवाई से क्षुब्ध जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

युवाओं पर ढाया जा रहा ज़ुल्म सरकार पर भारी पड़ेगा । प्रियंका ने कहा कि अपने संवैधानिक अधिकार के लिए युवाओं का शांति पूर्ण ढंग से गुर्जर आंदोलन से जुड़ना अपराध नहीं है । इसकी आड़ में यदि पुलिस गुर्जर युवाओं को प्रताड़ित करती है तो यह क्षेत्रीय अमन-चैन के लिए घातक होगा ।

प्रियंका की यह तल्ख़ बयानी उनके पति गुर्जर नेता तथा शीतला माता टीम के संयोजक सतेन्द्र सिंह घुरैया पर बीते रोज की गई पुलिसिया कार्रवाई को लेकर है । जिला पंचायत की उपाध्यक्ष प्रियंका घुरैया के अनुसार कार्य और विचार की दृष्टि से वह, उनके पति और उनका पूरा परिवार केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का कायल है शायद यही वजह है कि सिंधिया से खिन्न खेमा उनसे खुन्नस रखता है और आए दिन स्थानीय पुलिस का सहारा लेकर रचनात्मक कार्यों में बाधा खड़ी करता है । बीती शनिवार की रात होलिका दहन के बाद भी इसी तरह का मंज़र पेश आया । टीआई थाना गोला का मंदिर के निर्देश पर करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में उनके जनसंपर्क कार्यालय में तब घुस आए जब उनके पति फ़ौजी सतेन्द्र सिंह घुरैया दूसरे दिन की रंगोत्सव की तैयारी में जुटे थे । गोला का मंदिर थाने के बगल में मुख्य मार्ग पर स्थित गगन प्लाजा में घुसते ही पुलिस कर्मियों ने जनसंपर्क कार्यालय में मौजूद उनके पति के साथ मार-पीट शुरू कर दी । उन्होंने दफ्तर की तलाशी ली और बीच बीच में नगदी की मांग करते रहे । जब कुछ हासिल नहीं हुआ तो पुलिसवाले फ़ौजी सतेन्द्र सिंह को उनकी शर्ट के साथ खींचते हुए थाने ले गए । वहां सतेन्द्र और उनके साथियों की तलाशी ली गई । मोबाइल भी खंगाला गया और जब कुछ हासिल नहीं हुआ तो, रात्रि में शोरगुल का प्रकरण दर्ज कर लिया गया ।

अंचल का अमन-चैन खराब करने का षड्यंत्र

प्रियंका घुरैया ने कहा है कि उनके पति शिक्षा और राष्ट्रोत्थान के लिए समर्पित गुर्जर युवा नेता हैं । समय समय पर उनके द्वारा मेधावी छात्र - छात्राओं का किया जाने वाला सम्मान, दौड़ प्रतियोगिता , निर्धन परिवार की कन्याओं का कराया जाने वाला सामूहिक विवाह और निर्धन परिवार के बच्चों में गरम वस्त्रों का वितरण इस बात के प्रमाण हैं । प्रियंका की माने तो उनके पति के विरुद्ध की गई कार्रवाई रचनात्मक दिशा में लगे गुर्जर युवाओं को उकसा कर इस अंचल का अमन-चैन खराब करने का षड्यंत्र है जिसकी जांच जरूरी है ।

समाज में रोष, निष्पक्ष जांच की मांग

गुर्जर नेता तथा शीतला माता टीम के संयोजक सतेन्द्र सिंह घुरैया ने बयान जारी कर कहा है कि पुलिसिया कार्रवाई से वे हतप्रभ और आहत हैं । उन्होंने सदैव अनुशासित जीवन बिताया है और शिक्षा - खेलकूद और अनुशासित जीवन के लिए मानव समाज के सभी युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं । शायद यही वजह है कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया का स्नेह उन्हें मिलता रहा है किन्तु पुलिस की दुर्भावना पूर्ण कार्रवाई ने उनके हजारों समर्थकों को उद्वेलित किया है ।

एक नजर में

कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत का शुभारंभ

ग्वालियर । भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार को अशोक कॉलोनी मुरार में हुआ । कथा के यजमान जितेंद्र तोमर सपत्नीक पोथी को सिर पर रखकर कलश यात्रा में शामिल हुए । साथ में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई । कथा के पहले दिन पंडित संतोष शर्मा ने व्यास गद्दी से कथा का महात्म्य समझाया । । कथा का समय दोपहर एक बजे से पांच बजे तक है । वहीं समापन 3 अप्रैल को भंडारे के साथ होगा । कथा की सार्थकता जब ही सिध्द होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें । अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन, कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी । भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है ।

आरजेएन हॉस्पिटल में 29 मार्च को लीवर की फाइब्रोस्कैन जांच बिल्कुल निशुल्क

फ़ाइब्रोस्कैन क्रोनिक लिवर रोगों जैसे हेपेटाइटिस बीए हेपेटाइटिस सीए गैर .अल्कोहल फैटी लिवर रोगए क्रोनिक हेपेटाइटिस और सिरोसिस से पीड़ित सभी रोगियों के लिए उपयोगी होता है । परीक्षण करने में केवल 15 मिनट से कम समय लगता है । यह लिवर बायोप्सी की तुलना में लागत प्रभावी है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है । फाइब्रोस्कैन अल्ट्रासाउंड की तर्ज पर होने वाली जांच है । इसकी जांच रिपोर्ट महज 10 मिनट में मिल जाती है । लीवर में सिकुड़न की स्थिति साफ हो जाती है । कई बार फैटी लीवर एवं कैंसर में भी लीवर सिरोसिस हो जाता हैए ऐसे में फाइब्रोस्कैन जांच के जरिए निदान किया जा सकता है । लिवर फाइब्रोसिस अधिकांश प्रकार की पुरानी लिवर बीमारियों में होता है । उन्नत लिवर फाइब्रोसिस के परिणामस्वरूप सिरोसिसए लिवर विफलता और पोर्टल उच्च रक्तचाप होता है और अक्सर लिवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है । जिन मरीजों को लीवर संबंधित बीमारियां हैं उन्हें फाइब्रोस्कैन की जांच अवश्य करानी चाहिए दिनांक 29 मार्च दिन शुकवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक फाइब्रोस्कैन की जांच जो 4500 रुपए की होती है पूरी तरह निशुल्क की जाएगी . अच्छी बात यह है कि 31मार्च रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक सर गंगाराम हॉस्पिटल नई दिल्ली के वरिष्ठ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर शिवम खरे ओपीडी में अपनी सेवाएं देंगे . गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में जो सुविधाएं दिल्ली एवं मुंबई में उपलब्ध हैं वह आपको ग्वालियर में भी उपलब्ध होगी डॉ शिवम खरे प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को एवं डॉक्टर पुरुषोत्तम वशिष्ट प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को परामर्श हेतु आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में लगातार उपलब्ध रहेंगेद्य आप अपना रजिस्ट्रेशन 9522234350ए9522234795 दिए गए नंबरों पर कॉल कर करा सकते हैं .

मुंबई-निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच बढ़ा

ग्वालियर । दिल्ली मुंबई के मध्य यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 22221- 22222 मुंबई-निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच कोच स्थाई रूप से लगाया जा रहा है । जिसके साथ ही गाड़ी में लगे कुल कोचों की संख्या 20 से 21 हो जायेगी । गाड़ी संख्या 22221 मुंबई से 1 अप्रैल से इस नए कोच फॉर्मेशन के साथ संचालित की जाएगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22222 निजामुद्दीन से 2 अप्रैल से नए कोच फॉर्मेशन के साथ संचालित की जाएगी ।

निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिये रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

ग्वालियर . जिले में लोकसभा आम निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिये रिटर्निंग ऑफीसर व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के नामों के प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित कर दिए गए हैं । कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी का दायित्व निभायेंगीं । ज्ञात हो ग्वालियर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में ग्वालियर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण, ग्वालियर, ग्वालियर पूर्व, ग्वालियर दक्षिण, भितरवार व डबरा तथा शिवपुरी जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र करैरा व पोहरी शामिल हैं । लोकसभा चुनाव के दौरान ग्वालियर जिले के विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण के सहायक रिटर्निंग अधिकारी की जिम्मेदारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सूर्यकांत त्रिपाठी (मोबा . 94254-90269) निभायेंगे । इसी तरह विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ग्वालियर शहर अतुल सिंह (मोबा . 94251-10117), विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी झाँसी रोड़ श्री विनोद सिंह (मोबा . 94253-38594), विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर दक्षिण के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी लश्कर नरेन्द्र बाबू यादव (मोबा . 89594-02485), विधानसभा क्षेत्र भितरवार के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी भितरवार देवकीनंदन सिंह (मोबा . 94250-67806) एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र डबरा (अजा) के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी डबरा दिव्यांशु चौधरी (मोबा . 94304-57781) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

वी ने की अल्टीमेट एंटरटेनमेन्ट ऐप की घोषणा

ग्वालियर । जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज वी के सभी सब्सक्राइबर्स के लिए एंटरटेनमेन्ट के वन-स्टॉप डेस्टिनेशन वी मुवीज़ एण्ड टीवी को नए अवतार में पेश किया है । वी मुवीज़ एण्ड टीवी का नया अवतार एक ही प्लेटफॉर्म पर 13 से अधिक ओटीटी ऐप्स, 400 से अधिक लाईव टीवी चैनल्स तथा कई कंटेंट लाइब्रेरीज़ के कॉम्पलीमेंटरी एक्सेस के साथ मनोरंजन का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है । प्रीपेड के लिए मात्र रु 202 और पोस्टपेड के लिए रु 199 की कीमत पर वी मुवीज़ एण्ड टीवी कई प्लेटफॉर्म्स के लिए सिर्फ एक सब्सक्रिप्शन के साथ व्यूइंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है । यह कई सब्सक्रिप्शन्स की लागत बचाकर उपभोक्ताओं को पैसा वसूल अनुभव देता है । वी मुवीज़ एण्ड टीवी हर किसी के लिए कुछ न कुछ ज़रूर पेश करता है । इस अवसर पर अवनीश खोसला, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, वी ने कहा, ''भारत ऐसा कंटेंट देख रहा है जो इससे पहलें यहं कभी नहीं देखा गया है जैसे मल्टीपल फोर्मेट्स, मल्टीपल सब्सक्रिप्शन, और रोज़ाना स्क्रीन पर कई घंटे बिताना । हालांकि इतने सारे विकल्पों के बीच दर्शक थकान और मुश्किल महसूस करते हैं ।!

रेलवे जीएम के समक्ष यूनियन ने खोला मांगों का पिटारा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 मार्च. रेलवे महाप्रबंधक के रेल स्प्रिंग सिथौली आगमन पर नॉर्थ सेंट्रल मेंस यूनियन प्रयागराज के संयुक्त महामंत्री वीएस कंसाना के नेतृत्व में मुख्य एवम लाइन शाखा ग्वालियर सचिव मलखान सिंह एवं सुभाष सिंह ने मुलाकात कर रेल स्प्रिंग सिथौली में खाली पड़े पदों की भरने के लिए आग्रह किया । सिथौली और ग्वालियर में स्थित रेल आवासों की जर्जर स्थिति के बारे में भी अवगत कराया ।

उन्होंने कहा कि रेलवे हॉस्पिटल ग्वालियर में एंबुलेंस के अभाव में कर्मचारियों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए ग्वालियर हॉस्पिटल के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाए, ट्रैकमैन साथियों से सर्दियों में पेट्रोलिंग 12 किमी से अधिक नही कराई जाए और उन्हे रक्षक डिवाइस उपलब्ध कराई जाए जिससे आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लगाई जा सके ।

यह भी मांग की गई कि एस एण्ड टी विभाग में रोड साइड स्टेशन पर कर्मचारियों की भारी कमी है उनको दिन में ड्यूटी करने के बाद भी रात को फेलियर अटेंड करना पड़ता है, इसलिए फेलियर गैंग बनाई जाए । कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु जीडीसीई परीक्षा विगत 10 वर्षों से समय से संपन्न नही हो पा रही है, जीडीसीई भर्ती पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय पर कराई जाए । कर्मचारियों को गुणवत्ता पूर्ण सेफ्टी शूज उपलब्ध कराए जाए । रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली में स्थाई वार्ता तंत्र पूर्व की भांति शुरू की जाए जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान समय से किया जा सके । रेल स्प्रिंग कारखाना के कर्मचारियों के बच्चों को एसबीएफ द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप 2018ट्ठ2019 2019ट्ठ2020 नही दी गई है, रेल स्प्रिंग कारखाना में पूर्व की भांति सहायक कार्मिक अधिकारी, सहायक कारखाना लेखाधिकारी, वरिष्ट विद्युत इंजीनियर, कर्मचारी कल्याण निरीक्षक की नियुक्ति की जाए । महाप्रबंधक का रुख सभी समस्याओं पर सकारात्मक था । इस अवसर पर दोनो शाखाओं के सचिव के साथ लाइन शाखा के अध्यक्ष कृपाल सिंह, मुख्य शाखा के कोषाध्यक्ष संतोष झा, कारखाने के श्रीराम अहिरवार, जयदीप मिश्रा, कुबेर, अजय श्रीवास्तव, अशोक चौधरी, अनुपम मिश्रा सहित अन्य कई सक्रिय सदस्य उपलब्ध रहे ।

30 मार्च को मनेगा रंगपंचमी का त्योहार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 मार्च. चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की पंचमी को रंग पंचमी का पर्व 30 मार्च, शनिवार को मनाया जाएगा । रंग पंचमी का पर्व विशेष तौर पर धूमधाम से मनाते हैं । मान्यताओं के मुताबिक रंग पंचमी का पर्व भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी से जुड़ा हुआ है । ऐसे में इस दिन श्री कृष्ण और राधा रानी की पूजा की जाती है । इस दौरान कान्हा और राधा जी को रंग अर्पित किया जाता है । कई स्थानों पर इस दिन जुलूस निकाला जाता है और अबीर गुलाल उड़ाया जाता है ।

धार्मिक महत्व के मुताबिक, रंग पंचमी के दिन रंगों के प्रयोग से सृष्टि में सकारात्मक ऊर्जा का संवहन होता है । इसी सकारात्मक ऊर्जा में लोगों को देवताओं के स्पर्श की अनुभूति होती है । पंचमी तिथि 29 मार्च को रात 8 बजकर 29 मिनट से चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की तिथि शुरू होगी और 30 मार्च को रात 9 बजकर 13 मिनट पर समाप्त होगी । इसलिए रंग पंचमी का त्योहार 30 मार्च को मनाया जाएगा । इस दिन देवी देवताओं के साथ होली खेलने का मुहूर्त सुबह 7 बजकर 46 मिनट से 9 बजकर 19 मिनट तक है । मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण राधा जी के साथ होली खेले थे । यह भी माना जाता है कि इस दिन देवी देवता धरती पर आकर रंग और गुलाल से होली खेलते हैं । इस दिन हवा में उड़ा गुलाल जिस भी व्यक्ति पर आकर गिरता है उसे देवताओं की कृपा प्राप्त होती है । रंग पंचमी के दिन देवी देवताओं को रंग और गुलाल अपित करने से कुंडली के दोषों से मुक्ति मिल जाती है ।

डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन ने मनाया होली मिलन

ग्वालियर 27 मार्च. मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन जिला संघ द्वारा कार्यालय अभियंता सदन गोलघर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । होली मिलन समारोह में इंजी राजेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा सभी अभियंताओं को आपसी गले शिकवे खत्म कर गले मिलकर अबीर लगाकर होली की बधाई दी ।

इंजी भदौरिया ने संघ की विभिन्न मांगों को लेकर आचार संहिता के बाद मनवाने के लिए एकजुट होने का संदेश दिया । उक्त होली मिलन समारोह में जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग , नगर निगम, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के विभिन्न अभियंताओं एवं सेवा निवृत अभियंताओं के द्वारा भी होली मिलन समारोह अबीर गुलाल लगाकर मनाया गया ।

उक्त होली मिलन समारोह में एलएन गुप्ता सेवा निवृत, जिलाध्यक्ष दिलीप गुप्ता प्रांतीय पदाधिकारी, इंजी उमेश गोयल क्षेत्रीय सचिव, जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, जिला सचिव संजीव जैन, विभागीय अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग इंजी सतीश जैन, इंजी प्रीतम सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष इंजी शैलेन्द्र सक्सैना, इंजी अजय जैन, इजी अवधेश गुप्ता, इंजी प्रकाश अहिरवार, इंजी दिनेश बंसल, इंजी यशवंत अष्टपुत्रे, इंजी रामस्वरूप सिंह कुशवाह आदि मौजूद रहे ।

गेहूँ, सरसों एवं चने के उपार्जन के संबंध में कलेक्टर ने बैठक लेकर दिए निर्देश

ग्वालियर 27 मार्च . जिले में चना, सरसों एवं गेहूँ के उपार्जन के लिये निर्धारित किए गए उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिये गर्मी के मौसम को देखते हुए छाया व पानी की व्यवस्था अवश्य की जाए । कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बुधवार को जिले में उपार्जन के लिये की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए । कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार सहित कृषि विभाग, खाद्य विभाग, कॉपरेटिव बैंक सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे । समर्थन मूल्य पर चना 5440 रूपए प्रति क्विंटल, सरसों 5650 रूपए प्रति क्विंटल तथा गेहूँ 2400 रूपए प्रति क्विंटल पर क्रय किया जाना निर्धारित किया गया है । सभी केन्द्रों पर पर्याप्त वारदाने की उपलब्धता करने के निर्देश भी दिए गए हैं । गेहूँ का उपार्जन 29 मार्च से 15 मई तक किया जायेगा । गेहूँ के उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 31 मार्च तक होगा ।

आम सूचना

श्री नरेश सिंह पुत्र श्री अतिबल सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र .09, स्थित ग्राम सुनारपुरा खालसा, ग्वालियर (म .प्र .) में है जो भूमि सर्वे क्र . 19, 20, 44, 45, 46, 47, 48, 49 एवं 48/523 ग्राम सुनारपुरा खालसा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 920 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में-सम्पति अन्य, उत्तर में- सम्पति विक्रेता एवं दक्षिण में-सम्पति विक्रेता है । उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री काशीराम पुत्र श्री खचेरा एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी । श्री काशीराम का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती लक्ष्मी पुत्री स्व . श्री काशीराम पत्नी श्री मोहन माहौर एवं अन्य उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया । श्रीमती लक्ष्मी द्वारा उक्त सम्पति के सम्बन्ध में श्री लाखन सिंह पुत्र स्व . श्री काशीराम के पक्ष में रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र . एमपी 142592017ए4591930 दिनांक 24.10.2017 को सम्पादित किया गया था । श्रीमती लक्ष्मी जर्ये मुख्त्यारआम श्री लाखन सिंह द्वारा उक्त सम्पति श्री नरेश सिंह पुत्र श्री अतिबल सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र .एमपी 142592018ए1038630 दिनांक 17.01.2018 से विक्रय की गई थी । श्री नरेश सिंह द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है । इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री काशीराम के अन्य उत्तराधिकारियों को एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें । उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी । तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी । कृपया सूचित हों ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या .- 4, सोमिल कॉम्प्लेक्स, इंकम टैक्स ऑफिस के बगल में सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म .प्र .), मो . नं .- 98276-72710

नाम परिवर्तन सूचना

मैं Army No. 13772183K Rank NAK Name- WAGHMARE SARJERAO KISAN, Unit- 20 JAK, RIF, R/o- Vill- Wardadi (BK) Post Wardadi (BK) Teh. Shindkhed Raja, Distt Buldhana (Maharashtra) Pin 443308, सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम WAGHMARE SHANTABAI त्रुटिवश अंकित है ।

अतः मेरी माताजी की सही नाम SHANTABAI KISAN WAGHAMARE को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें । सत्यापित एफीडेविट नं. BM 987555 & date- 23.03.2024

नाम परिवर्तन सूचना

मैं Army No. 13772183K Rank NAK Name- WAGHMARE SARJERAO KISAN, Unit- 20 JAK, RIF, R/o- Vill- Wardadi (BK) Post Wardadi (BK) Teh. Shindkhed Raja, Distt Buldhana (Maharashtra) Pin 443308, सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पिताजी का नाम KISAN त्रुटिवश अंकित है ।

अतः मेरे पिताजी का सही नाम KISAN ASHRUBA WAGHAMARE को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें । सत्यापित एफीडेविट नं. BM 987556 & date- 23.03.2024

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा नाम भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) पॉलिसी लेते समय चर्वंद्र सोनी था लेकिन अब मेरे सभी दस्तावजों में धर्मेंद्र सोनी है। अतः भविष्य में मुझे धर्मेन्द्र सोनी के नाम से जाना पहचाना जाये ।

सूचना कर्ता-धर्मेंद्र सोनी
पता- गांधी बाजार, विजयपुर,
जिला- श्योपुर, (एम.पी.)
मोबा. 9926268430

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ क्रेता - श्रीमती पुष्पलता अम्ब पति श्री हरीश अम्ब निवासी-आदर्श कॉलोनी, पार्क के सामने, जिला- गुना म.प्र. के द्वारा विक्रेता श्री राजेन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री नबाब सिंह यादव निवासी - हुरावली, मुरार, ग्वालियर में उक्त संपति (एक प्लाट) जिसका कुल क्षेत्रफल 756 वर्गफुट 14x54 ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्रमांक MP142592021A1898784 दिनांक 25.10.2021 उप-पंजीयक कार्यालय ग्वालियर के समक्ष मय गवहन सम्पादित किया गया है, अतः किसी भी प्रकार से उक्त संपति के सम्बन्ध में कोई सम-व्यवहार किसी अन्य वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय एवं अर्धशासकीय, आम व खास से न करे व समस्त आम एवं खास जिसका स्वत्व उक्त संपति से न हो एवं व्यक्तिगत किसी भी प्रकार का हित रखने वाले एवं वित्तीय संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय एवं अर्धशासकीय आदि को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि से सम्बन्धित किसी प्रकार का संव्यवहार प्रचलित हो तो मय असल दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय में मुझे सूचित कर आपत्ति प्रस्तुत करें। विधिक अवधि समाप्त पश्चात कोई भी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के मुकाबले शून्य व प्रभावहीन होगा।

द्वारा अभिभाषक
रोहित कुमार वर्मा, वैभव मिश्रा
कार्यालयः
अचलनाथ कॉलोनी न्यू सिटी सेंटर, ग्वालियर
प्रेषकः श्रीमती पुष्पलता अम्ब

आम सूचना

श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भवन क्र .ई .ई . -212, स्थित दीनदयाल नगर, ग्वालियर (म .प्र .) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र .18 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 33.00 वर्गमीटर है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भवन क्र .239, पश्चिम में-रास्ता 6 मी . चौड़ा, उत्तर में-भवन क्र .213 एवं दक्षिण में-भवन क्र .211 है । उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री राजवीर सिंह वर्मा पुत्र श्री करतार सिंह वर्मा द्वारा श्रीमती कृष्ण मूर्ति शर्मा पत्नी श्री ओम प्रकाश शर्मा को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र .2681 दिनांक 26.12.2008 से विक्रय की गई थी । श्रीमती कृष्ण मूर्ति शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 16.10.2018 को हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री दिनेश कुमार एवं श्री मुनेश कुमार पुत्रगण श्री ओम प्रकाश उनकी सम्पति के मालिक हुये । श्री दिनेश कुमार एवं श्री मुनेश कुमार के मध्य एक रजिस्टर्ड विभाजन विलेख क्र .एमपी 142592023ए12510432 दिनांक 27.10.2023 को सम्पादित किया गया था । श्री दिनेश कुमार द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान डबरा के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है । इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्रीमती कृष्ण मूर्ति शर्मा के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें । उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी । तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी । कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या .- 4, सोमिल कॉम्प्लेक्स, इंकम टैक्स ऑफिस के बगल में सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म .प्र .), मो . नं .- 98276-72710

प्रारूप-37
(नियम-61 (3) देखिए)
वित्त पोषण के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मोटर यान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना।
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी RTO, Gwalior सं..... दिनांक..... श्री/श्रीमती/कुमारी Banti Khan (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया जाता है कि Cholamandalam Investment वित्त पोषक को यह सूचित किया है कि उसने/उन्होंने उक्त करार उपबंध अधीन आपने व्यक्तिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अन्तर्गत आने वाले मोटरकार जिसका रजिस्ट्रीकरण क्रं. Mahindra Bolero Power Plus (MP07-CE-7907) है कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि:- 1. आपने उसे/उन्हे रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इन्कार कर दिया है। 2. आप फरार हो गया हैं। उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है। अतः आपको उक्त यान के जो कि आपको द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद् द्वारा धारा-2 (30) के अन्तर्गत मोटर यान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है, को अन्यर्पित करने और इस सम्बंध मे आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों के भीतर इस कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5(5) के अनुसार आपके द्वारा धारित